# Weekly One Liners 20th July to 26th of July 2020


## भारत में लागू हुआ उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019

**Consumer Protection Act, 2019: भारत में 20 जुलाई 2020** से **उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019** लागू हो गया है। इसने **उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986** को बदला है। इस नए अधिनियम की शुरुआत **खरीदारों को न केवल पारंपरिक विक्रेताओं** से बल्कि **नए ई-कॉमर्स खुदरा विक्रेताओं / मंचों** से भी **सुरक्षा** प्रदान करने के लिए की गई है। यह नया अधिनियम उपभोक्ताओं को सशक्त बनायेगा और इसके विभिन्न अधिसूचित नियमों व प्रावधानों के माध्यम से उनके अधिकारों की रक्षा करने में मदद करेगा।

**उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019** की प्रमुख विशेषताओं में उपभोक्ता संरक्षण परिषदों, उपभोक्ता विवाद निवारण आयोगों, मध्यस्थता, उत्पाद दायित्व तथा मिलावटी/ नकली सामान वाले उत्पादों के निर्माण या बिक्री के लिए सजा शामिल है। इसमें **केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA)** की स्थापना भी शामिल है जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं के अधिकारों को बढ़ावा देना, उनकी रक्षा करना और उन्हें लागू करना है। साथ ही, यह उपभोक्ता अधिकारों और संस्थान की शिकायतों / अभियोजन के उल्लंघन की भी जांच करेगा। इसके अलावा यह दैनिक वस्तुओं और सेवाओं को वापस लेने का आदेश देने, अनुचित व्यापार शुरू करने और भ्रामक विज्ञापनों को रोकने का आदेश भी देगा।

## भारत ने ATGM "ध्रुवस्त्र" का किया सफल परीक्षण

**भारत** ने स्वदेशी रूप से विकसित **एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल 'ध्रुवस्त्र'** का उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह उड़ान परीक्षण **ओडिशा के चांदीपुर** में एकीकृत परीक्षण रेंज से किया गया। 'ध्रुवस्त्र' **एक एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (ATGM)** है जिसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन **(DRDO)** द्वारा विकसित किया गया है। यह 'नाग हेलिना' हेलीकॉप्टर का एक संस्करण है।




'ध्रुवस्त्र', हेलीकॉप्टर-लॉन्च की गई एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (ATGM) हवा से फायर करके दुश्मन के बंकरों, बख्तरबंद वाहनों और मुख्य युद्धक टैंकों को तबाह करने में सक्षम है। इसलिए इसे दुनिया का सबसे उन्नत एंटी-टैंक हथियारों में से एक माना जाता है।

## ग्रेटा थुनबर्ग को मानवता के लिए दिया जाएगा गुलबेंकियन पुरस्कार

स्वीडन की 17 वर्षीय जलवायु परिवर्तन के लिए आवाज उठाने वाली **ग्रेटा थुनबर्ग** को **मानवता** के लिए **inaugural Gulbenkian Prize** के लिए चुना गया है। उन्हें पुरस्कार के रूप में **1 मिलियन यूरो** की पुरस्कार राशि दी जाएगी। उन्हें जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए युवा पीढ़ियों को जुटाने के उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया है। ग्रेटा थुनबर्ग 2018 में स्वीडिश संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन शुरू करने बाद सुर्खिया में आई थी, जिसके बाद उन्होंने वैश्विक स्तर इसे बढ़ाया और दुनिया भर के बच्चों द्वारा की गई स्कूल हड़ताल का नेतृत्व किया।

मानवता के लिए दिया जाना वाला गुलबेंकियन पुरस्कार, व्यक्तिगत, समूहों अथवा दुनिया भर के संगठनों को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने के लिए अपनी नवीनता, नवाचार और प्रभावी प्रयासों के लिए दिया जाता है।

## दिल्ली कैबिनेट ने "मुख्यमंत्री घर घर राशन योजना" को दी मंजूरी

**दिल्ली के मंत्रिमंडल ने "मुख्यमंत्री घर घर राशन योजना"** को मंजूरी दे दी है, इसके तहत अगले छह से 7 महीने में राशन की होम डिलीवरी शुरू हो जाएगी और साथ ही, इसे केंद्र सरकार की **"एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड" (one nation, one ration card)** योजना से जोड़ दिया जाएगा। इस योजना से लाभार्थियों के घर पर ही राशन पहुंचाया जाएगा, जिसके लिए अभी उन्हें राशन की दुकानों पर जाना पड़ता है।

इस योजना से **2016 की पीडीएस दुकानों** के जरिए राष्ट्रीय राजधानी में लाखों लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद जताई गई है। वर्तमान में **राष्ट्रीय सुरक्षा, 2013 अधिनियम** के तहत रियायती राशन प्रदान किया जाता है और नया कार्यक्रम अधिनियम के लाभों को जोड़ देगा।

## ऑक्सफोर्ड COVID-19 वैक्सीन के मानव परीक्षण के नतीजे आये सकारात्मक

**ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय** द्वारा विकसित और **AstraZeneca Plc** द्वारा समर्थित **COVID-19 वैक्सीन** के इसानों पर किए गए परीक्षण में सकारात्मक परिणाम सामने आये है। शोधकर्ताओं ने अपने प्रायोगिक COVID-19 वैक्सीन में पाया है कि इससे **18 से 55 वर्ष** की आयु के लोगों में **दोगुनी प्रतिरक्षा क्षमता उत्पन्न** यानि **शरीर में एंटबॉडीज भी बनाईं और इम्यून सिस्टम को मजबूत** करने का भी काम भी किया। ऑक्सफोर्ड द्वारा वैक्सीन को रोग को रोकने और संचरण को कम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। **जेनर इंस्टीट्यूट ऑफ ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी** के निदेशक डॉ. **एड्रियन हिल**, इस वैक्सीन के बारे में बताते हैं, **"this vaccine triggers both arms of the immune system"** यानि "यह टीका प्रतिरक्षा प्रणाली के दोनों पहलुओं को ट्रिगर करता है"।

**ब्रिटिश मेडिकल जर्नल लांसेट के अनुसार:**

इस वैक्सीन को आधिकारिक तौर पर **AZD1222** के रूप में जाना जाता है, जिससे उन सैकड़ों लोगों को सुरक्षात्मक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया मिली, जिन्होंने इसकी खुराक दी गई और उनमे किसी भी तरह के गंभीर प्रभाव का संकेत नहीं मिला है। द लांसेट मेडिकल जर्नल में प्रकाशित परीक्षण परिणामों के अनुसार, कोविद -19 वैक्सीन के कोई भी गंभीर साइड इफेक्ट सामने नहीं आये है और दो खुराक लेने वाले लोगों सबसे मजबूत इमुनिटी के साथ-साथ बचाव और टी-सेल प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया भी देखी गई। इसके ट्रायल के दौरान **90 फीसदी लोगों में वैक्सीन की एक डोज** से ही **एंटीबॉडी** विकसित हो गई, जिन्होंने वायरस को खत्म कर दिया। **सिर्फ 10 फीसदी लोगों को दूसरी डोज** देनी पड़ी लेकिन दूसरी डोज के बाद इन सभी 10 फीसदी लोगों में भी एंडीबॉडीज बन गई।

**AZD1222 वैक्सीन के बारे में:**

- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा विकसित वैक्सीन परीक्षण के चरण III में प्रवेश कर चुकी है, जिसमें चिकित्सा विशेषज्ञ वैक्सीन के तंत्र को समझने के लिए हजारों लोगों को इसकी खुराक देंगे.
- वैक्सीन में वेक्टर के रूप में चिंपांजी एडेनोवायरस की कम वर्जन का उपयोग किया गया है, जो कि SARS-CoV-2 स्पाइक प्रोटीन की आनुवंशिक सामग्री से प्रभावित होता है.
- यह वैक्सीन अब मंजूरी के तीसरे चरण यानि अंतिम परीक्षण में है.

## रिज़र्व बैंक ने जारी की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट, जुलाई2020

**Financial Stability Report July 2020:** भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (Financial Stability Report) का 21 वां अंक जारी किया है। यह वित्तीय स्थिरता की उप-समिति और वित्तीय स्थिरता के जोखिमों से संबंधित विकास परिषद (Financial Stability and Development Council- FSDC) के सामूहिक मूल्यांकन को दर्शाता है। इस रिपोर्ट में वित्तीय क्षेत्र के विकास और विनियमन से संबंधित समसामयिक मुद्दों के संदर्भ में वित्तीय प्रणाली के दृढ़तालेपन पर भी विचार-विमर्श किया गया है।

**वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (Financial Stability Report) की मुख्य बातें:**

- COVID-19 के जवाब में, एक अभूतपूर्व पैमाने पर राजकोषीय, मौद्रिक और नियामक हस्तक्षेपों के संयोजन ने वित्तीय बाजारों के सामान्य कामकाज को सुनिश्चित किया है।
- अति-लीवरेज गैर-वित्तीय क्षेत्र, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, और महामारी के कारण हुए आर्थिक हानि वैश्विक आर्थिक संभावनाओं के प्रमुख जोखिम हैं।
- COVID-19 के प्रभाव को कम करने के लिए वित्तीय क्षेत्र के नियामकों और सरकार द्वारा किए गए कार्यों ने परिचालन बाधाओं को कम किया और गंभीर जोखिम प्रतिकूलता के समक्ष बाजार की समग्रता और लचीलापन बनाए रखने में मदद की।
- बैंक ऋण, जो कि 2019-20 की पहली छमाही के दौरान काफी कमजोर हो गया था, बाद की अवधि में बैंक समूहों में मंदी (मोडरेशन) के वैविध्यपूर्ण होने के साथ और गिरावट आयी।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (Scheduled Commercial Banks-SCB) के जोखिम-भारित परिसंपत्तियों के तुलना में पूंजी अनुपात (capital to risk-weighted assets ratio-CRAR) सितंबर 2019 में 15.0 प्रतिशत की तुलना में मार्च 2020 में घटकर 14.8 प्रतिशत हो गया, जबकि इस अवधि में उनकी सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (gross non-performing asset - GNPA) अनुपात 9.3 प्रतिशत से घटकर 8.5 प्रतिशत हो गया और इस अवधि के दौरान प्रावधान कवरेज अनुपात (provision coverage ratio-PCR) 61.6 प्रतिशत से बढ़कर 65.4 प्रतिशत हो गया।



- क्रेडिट जोखिम के लिए मैक्रो तनाव परीक्षणों से संकेत मिलता है कि सभी एससीबी का जीएनपीए अनुपात आधारभूत परिस्थितियों के तहत मार्च 2020 में 8.5 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2021 तक 12.5 प्रतिशत हो सकता है; यह अनुपात अत्यंत गंभीर तनावग्रस्त परिदृश्य के तहत 14.7 प्रतिशत तक बढ़ सकता है।
- नेटवर्क विश्लेषण से पता चलता है कि अंतर-बैंक बाजार में संकुचन और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के बेहतर पूंजीकरण के साथ वित्तीय प्रणाली में संस्थाओं के बीच कुल द्विपक्षीय जोखिम में 2019-20 के दौरान मामूली गिरावट आई, एक वर्ष पहले के संबंध में विभिन्न परिदृश्यों के तहत बैंकिंग प्रणाली को होने वाली संक्रामक हानि में कमी होगी।
- आगे बढ़ते हुए, प्रमुख चुनौतियों में समाज के बड़े हिस्से में महामारी-प्रूफिंग शामिल है, विशेष रूप से वे जो औपचारिक वित्तीय मध्यस्थता में शामिल नहीं होते हैं।

## राष्ट्रीय समाचार

- इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (ICAT) द्वारा "ऑटोमोबाइल सॉल्यूशंस पोर्टल फॉर इंडस्ट्री, रिसर्च एंड एजुकेशन (ASPIRE)" नामक एक ई-पोर्टल लॉन्च किया गया है।
- केन्द्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह द्वारा नई दिल्ली के चेल्म्सफोर्ड क्लब में भारत के पहले सार्वजनिक EV (इलेक्ट्रिक वाहन) चार्जिंग प्लाजा का उद्घाटन किया गया। सार्वजनिक ईवी चार्जिंग प्लाजा को भारत में ई-मोबिलिटी को सर्वव्यापी और सुविधाजनक बनाने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (NDMC) के सहयोग से एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (EESL) द्वारा स्थापित किया गया है।
- केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' द्वारा "मनोदर्पण" पहल की शुरूआत की गई है। "मनोदर्पण" मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए शुरू की गई एक पहल है।




## राज्य समाचार

- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुसूचित जातियों के सर्वांगीण विकास के लिए 'नवीन रोजगार छतरी योजना' शुरू की है। उन्होंने 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना' के तहत 3,484 लाभार्थियों को ऑनलाइन 17.42 करोड़ की वित्तीय सहायता भी हस्तांतरित की और रायबरेली, गोरखपुर, बस्ती, मेरठ, आजमगढ़ और मुरादाबाद जिलों के कुछ लाभार्थियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की।
- केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल द्वारा मिज़ोरम में "जोरम मेगा फूड पार्क" का उद्घाटन किया गया है।
- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने "गोधन न्याय योजना" की शुरुआत की है। यह योजना पशु पालकों को बढ़ावा देने, पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित करने, पशुपालकों को अतिरिक्त आय अर्जित करने, आवारा पशुओं द्वारा खुले चराई की समस्या से निपटने में मददगार होगी और जैविक उर्वरकों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ अन्य चीजों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी।

## अंतरराष्ट्रीय समाचार

- युक्त अरब अमीरात द्वारा अपना पहला "मंगल" मिशन "Hope" लॉन्च किया गया है। इस मिशन की मदद से, यूएई का लक्ष्य पहली बार दैनिक और बदलते मौसमी हालातों का अध्ययन करते हुए मार्टियन वातावरण की पूरी जानकारी उपलब्ध कराना है।
- SpaceX द्वारा दक्षिण कोरिया के पहले सैन्य उपग्रह "ANASIS-II" का सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया है। इस उपग्रह को फाल्कन 9 रॉकेट द्वारा भूस्थिर अंतरण कक्षा (geostationary transfer orbit) में स्थापित किया गया था। इसे अमेरिका के फ्लोरिडा में स्थित केप कैनावेरल एयर फोर्स स्टेशन से लॉन्च किया गया।
- चीन ने गुरुवार को स्वतंत्र रूप से अपने पहले मंगल मिशन "Tianwen-1" का सफल लॉन्च किया है। दक्षिण चीन के हैनान प्रांत स्थित वेंशांग स्पेस लॉन्च सेंटर से चीन के सबसे बड़े लॉन्च वीइकल मार्च-5 रॉकेट के जरिए 5 टन वजनी अंतरिक्ष यान Tianwen-1 का लॉन्च किया गया।
- विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organization) जनरल काउंसिल ने मध्य एशियाई देश तुर्कमेनिस्तान को "ऑब्जर्वर" का दर्जा दिए जाने की घोषणा की है।तुर्कमेनिस्तान इस संगठन का 25 वां ऑब्जर्वर बन गया है।
- रूस ने MGTD-20 गैस टरबाइन 3 डी-प्रिंटेड एयरक्राफ्ट इंजन का सफल उड़ान परीक्षण कर लिया है। यह उड़ान परीक्षण ततारस्तान के कज़ानबश विमानन केंद्र में किया गया। इसका उत्पादन 2021-2022 के लिए निर्धारित है।

## समझौता

- केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MoMSME) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू के अनुसार, CBDT द्वारा MoMSME के साथ आयकर रिटर्न (ITR) संबंधित जानकारी साझा की जाएगी।
- युवा मामलों और खेल मंत्रालय (MYAS) ने भारत सरकार के संकल्प को मजबूत करने के लिए यूनिसेफ के साथ साझेदारी की है, ताकि 1 करोड़ युवा स्वयंसेवकों को देश के आत्मनिर्भर भारत बनने के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।
- केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) के साथ दोनों संगठनों के बीच डेटा के आसान आदान-प्रदान को सुनिश्चित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- भारत और मालदीव ने मालदीव की राजधानी माले में 'आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं' को शुरू करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। आपातकालीन चिकित्सा सेवा भारत द्वारा पड़ोसी देशों के लिए 20 मिलियन अमरीकी डालर की अनुदान सहायता के तहत वित्तपोषित की गई है।
- पंजाब सरकार ने कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग करने के लिए रोपड़ स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- भारतीय जीवन बीमा निगम और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने कॉरपोरेशन बैंक और आंध्रा बैंक के साथ हुए अपने विलय के बाद एलआईसी पॉलिसियों को वितरित करने के लिए कॉर्पोरेट एजेंसी समझौते की घोषणा की है।
- एयरटेल पेमेंट्स बैंक लिमिटेड और नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (NSDC) ने ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को वित्तीय सेवाओं पर प्रशिक्षित करने और उन्हें इस क्षेत्र में रोजगार तलाशने और उद्यमी बनने में मदद करने के लिए सहयोग किया है।
- अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (APSEZ) विज्ञान-आधारित लक्ष्य पहल (SBTi) पर हस्ताक्षर करने वाला पहला भारतीय बंदरगाह बन गया है।विज्ञान आधारित लक्ष्य पहल (SBTi) CDP, संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट, वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (WRI) और वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (WWF) के बीच एक सहयोग है।

## पुस्तके एवं लेखक

- अपराध लेखक(Crime writer), एस हुसैन जैदी ने एक नया उपन्यास "द एंडगेम" लिखा है, जो राजनीति, विश्वासघात और अकल्पनीय आतंक पर आधारित है। पुस्तक को हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित किया गया है।
- साहित्य अकादमी से सम्मानित बलदेव सिंह सदाकर्णम द्वारा "सूरज कदे मरदा नही" नामक पुस्तक लिखी गई है। यह पुस्तक स्वतंत्रता सेनानी उधम सिंह के कई पहलुओं का वर्णन करती है। यह पुस्तक यूनिस्टार्क्स द्वारा प्रकाशित की गई है।

## बैंकिंग /अर्थव्यवस्था /व्यापार समाचार

- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (National Payment Corporation of India-NPCI) द्वारा बार-बार किए जाने वाले भुगतान (recurring payment) के लिए UPI AutoPay सुविधा की शुरूआत की गई है। उपभोक्ता नई सुविधा से 2000. रुपये तक की राशि के मोबाइल बिल, बिजली बिल, ईएमआई भुगतान, एंटरटेनमेंट / ओटीटी सब्सक्रिप्शन, बीमा, म्यूचुअल फंड, कर्ज भुगतान, आवागमन अथवा मेट्रो का भुगतान जैसे आवर्ती भुगतान किसी भी यूपीआई ऐप के जरिये कर सकेंगे, जिसके लिये पिन की जरूरत नहीं होगी। ग्राहक को 2000 से अधिक राशि राशि के भुगतान के लिये हर बार पिन की आवश्यकता होगी।
- भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने 'Insta Click Savings Account' सेवा की शुरूआत की है, जो पूरी तरह से पेपरलेस डिजिटल ऑनलाइन बचत खाता है।
- भारत के मोबिलिटी प्लेटफॉर्म ओला ने वैश्विक बाजारों में अपने उद्यम मोबिलिटी समाधान 'Ola Corporate' की शुरुआत की है। यह ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और ब्रिटेन के सभी ग्राहकों के लिए एंटरप्राइस की पेशकश को पूरा करेगा।
- भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने अडानी पोर्ट्स और स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (Adani Ports) द्वारा कृष्णापटनम पोर्ट कंपनी लिमिटेड के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है।

## नियुक्तियां

- SBI कार्ड्स और पेमेंट सर्विसेज द्वारा अश्विनी कुमार तिवारी को अपना नया प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। 1 अगस्त, 2020 से शुरू होने वाला उनका कार्यकाल दो साल की अवधि का होगा। उन्हें इस पद के लिए भारतीय स्टेट बैंक द्वारा नामित किया गया था।
- करूर वैश्य बैंक के निदेशक मंडल द्वारा रमेश बाबू को बैंक का नया प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही, उन्हें अतिरिक्त निदेशक का पदभार भी सौपा गया है।
- सुमित देब को राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (National Mineral Development Corporation-NMDC) का अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (CMD) नियुक्त किया गया है।

- प्रकाश चंद्र कांडपाल को गैर-जीवन बीमा कंपनी एसबीआई जनरल इंश्योरेंस का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (managing director & Chief Executive Officer) नियुक्त किया गया है।वह पूषण महापात्रा की जगह लेंगे जिन्हें अब निदेशक (रणनीतिक निवेश और डिजिटल पहल) के पद  नियुक्त किया गया है।
- 2001 बैच के भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी, पी प्रवीण सिद्धार्थ को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का नया निजी सचिव नियुक्त किया गया है। सिद्धार्थ पहले से ही राष्ट्रपति सचिवालय में स्पेशल ड्यूटी (OSD) के अधिकारी के रूप में सेवारत हैं। वह विक्रम सिंह की जगह लेंगे, जिन्हें अब शिपिंग मंत्रालय में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है।
- बजाज फाइनेंस के वर्तमान गैर-कार्यकारी अध्यक्ष, राहुल बजाज ने 31 जुलाई, 2020 को अपने पद से हटने का निर्णय किया है। उनकी जगह उनके बेटे संजीव बजाज (कंपनी के वर्तमान उपाध्यक्ष) लेंगे।
- माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क (MFIN) ने आलोक मिश्रा को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी और निदेशक नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति 1 अगस्त 2020 से लागू होगी।
- बांग्लादेश में भारत की उच्चायुक्त रीवा गांगुली दास को सरकार द्वारा विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) नियुक्त किया गया है। वह विजय ठाकुर सिंह की जगह लेंगी, जो 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।
- भारत सरकार द्वारा पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता को इंडियन ओवरसीज बैंक (IOB) का नया प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया है।
- नवीन ताहिलानी को टाटा AIA लाइफ लिमिटेड द्वारा अपना प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया है। वह वर्तमान सीईओ ऋषि श्रीवास्तव से पदभार ग्रहण करेंगे, जिन्हें मुख्य कार्यकारी अधिकारी, समूह एजेंसी वितरण, एआईए समूह, हांगकांग में नियुक्त किया गया है।




- साहिल सेठ को ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (Chamber of Commerce and Industry-CCI) के युवा नेताओं की संचालन समिति का मानद सलाहकार नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति 2020-2023 की अवधि के लिए की गई है। सेठ वर्तमान में मुंबई सीमा शुल्क में उपायुक्त के पद पर कार्यरत हैं।

## रक्षा समाचार

- रक्षा मंत्रालय की अधिग्रहण इकाई (Acquisition Wing) ने टैंक T-90 S/SK के लिए बारूदी सुरंग हटाने वाले उपकरणों की खरीद के लिए भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (BEML) के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा टैंक T-90 S/SK के लिए बारूदी सुरंग हटाने वाले 1,512 उपकरणों की खरीद की मंजूरी दी गई है।
- भारतीय नौसेना द्वारा हिंद महासागर में अमेरिकी नौसेना के साथ मिलकर एक उच्चस्तरीय संयुक्त नौसैनिक अभ्यास पैसेज एक्सरसाइज (PASSEX) का आयोजन किया गया है।
- भारत ने स्वदेशी रूप से विकसित एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल 'ध्रुवस्त्र' का उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह उड़ान परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से किया गया। 'ध्रुवस्त्र' एक एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (ATGM) है जिसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित किया गया है। यह 'नाग हेलिना' हेलीकॉप्टर का एक संस्करण है।
- वाइस एडमिरल अनिल कुमार चावला द्वारा भारतीय नौसेना अकादमी, एझिमाला में सबसे बड़े सौर ऊर्जा संयंत्र को कमीशन किया गया है। यह 3 मेगावाट का वाला सौर ऊर्जा संयंत्र है जिसे भारत सरकार के 'नेशनल सोलर मिशन' पहल के अनुरूप में स्थापित किया गया है जिसका उद्देश्य 2022 तक 100 गीगावॉट सौर ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

## पुरस्कार

- गिनीयन डॉक्टर मोरिसाना कॉयेट और ग्रीस की मारियाना वर्दिनॉयनिस को 2020 नेल्सन मंडेला पुरस्कार विजेता चुने गये हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष तिजानी मुहम्मद-बंदे ने पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा की है, जो उन व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है, जो मानवता की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं।
- एनीमेशन मास्टर्स समिट (AMS) 2020- डिजिटल संस्करण के तहत टूनज़ मीडिया ग्रुप (TMG) द्वारा शुरू किए गए 'लीजेंड ऑफ़ एनिमेशन' पुरस्कार मरणोपरांत महान एनीमेशन निर्देशक अर्नब चौधुरी को दिया जाएगा।

## बैठक एवं सम्मलेन

- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सऊदी अरब प्रेसीडेंसी के तहत तीसरी G20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नर्स (FMCBG) की बैठक की गयी। बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया। बैठक के दौरान, प्रतिभागियों ने वर्ष 2020 के लिए अन्य G20 वित्त ट्रैक प्राथमिकताओं के साथ COVID-19 महामारी संकट के विकास के बीच वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श किया।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित वायु सेना मुख्यालय (वायु भवन) में वायु सेना कमांडरों के सम्मेलन (AFCC) का उद्घाटन किया है। इस सम्मेलन को "IAF in the Next Decade" (अगले दशक में भारतीय वायु सेना) विषय के साथ आयोजित किया जा रहा है।

## रैंकऔररिपोर्ट

16 जुलाई 2020 को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में OPHI: Oxford Poverty & Human Development Initiative ( ऑक्सफोर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल ) और UNDP - संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (Global Multi-dimensional Poverty Index) 2020 - "Charting pathways out of multidimensional poverty: Achieving the SDGs" जारी किया. संयुक्त राष्ट्र का "वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) 2020: Charting pathways out of multidimensional poverty: Achieving the SDGs" कहता है कि भारत में गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या में सबसे बड़ी कमी दर्ज की गई है क्योंकि लगभग 273 मिलियन लोग 10 साल (2005/2006 - 2015/2016) में बहुआयामी गरीबी से बाहर निकल गए हैं. भारत में गरीबी से बाहर निकलने वाले 273 मिलियन लोगों से संबंधित जानकारी संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग (UNDESA) के जनसंख्या आंकड़ों पर आधारित थी.

## विज्ञान और प्रौद्योगिकी

- दुर्गापुर स्थित CSIR-CMERI द्वारा कार्यस्थलों के लिए कोविड सुरक्षा प्रणाली (COVID Protection System) का अनावरण किया गया है। कार्यस्थल के लिए COPS में तीन इकाइयाँ शामिल है, जिनमें संपर्क रहित सोलर बेस्ड इंटेलिजेंट मास्क ऑटोमेटेड डिस्पेंसिंग यूनिट कम थर्मल स्कैनर (IntelliMAST), टचलेस नल (TouF) और 360 डिग्री कार फ्लशर शामिल हैं।
- नागपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने Covid-19 संक्रमित और संदिग्ध रोगियों की प्रभावी ट्रैकिंग और निगरानी के लिए एक 'smart wristband' को डिजाइन एवं विकसित किया है।यह नया रिस्टबैंड उपकरण आईआईटी जोधपुर और आईआईटी नागपुर द्वारा मिलकर डिज़ाइन किया गया है, जो कोरोनोवायरस रोगियों की ट्रैकिंग और निगरानी के लिए उपयोग किए जाने वाले मौजूदा ऑनलाइन मोबाइल ऐप की समस्याओं को दूर करेगा।

## रक्षा समाचार

- सेनेगल और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) ने 2022 में डैकर में होने वाले युवा ओलंपिक खेलों को स्थगित करने के फैसले पर "पारस्परिक रूप से सहमति" जताई है। युवा ओलंपिक खेल अब साल 2026 में आयोजित किए जाएंगे।
- जर्मनी फॉरवर्ड खिलाड़ी और विश्व कप विजेता टीम के सदस्य आंद्रे शूरले (Andre Schurrle) ने फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है। उन्होंने 2014 अपने देश के लिए फीफा विश्व कप जीतने में अहम भूमिका निभाई थी।
- लुईस हैमिल्टन ने हंगरी के मोगोरोड, हंगरिंग में फॉर्मूला -1 हंगरी ग्रां प्री 2020 जीता। दूसरे स्थान पर मैक्स वेरस्टापेन (डच-रेड बुल), तीसरे स्थान पर वाल्टेरी बोटास (मर्सिडीज- फिनलैंड) रहे। हंगरी ग्रां प्री 2020 2020 फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैम्पियनशिप की तीसरी रेस थी।
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) द्वारा इस साल अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले पुरूषों के T20 विश्व कप को COVID-19 के कारण स्थगित करके 2022 में आयोजित किए जाने की अधिकारिक घोषणा की गई है।
- श्रीलंका की गेंदबाज ऑलराउंडर श्रीपली वीराकोडी (Sripali Weerakkody) ने तत्काल प्रभाव से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है।उन्होंने 2006 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था, जिसके बाद उन्होंने श्रीलंका के लिए 89 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और 58 T20Is (ट्वेंटी 20 अंतर्राष्ट्रीय) मैच खेले।

## महत्वपूर्ण दिन

- संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर साल 20 जुलाई को World Chess Day यानि विश्व शतरंज दिवस मनाया जाता है। यह दिन 1924 में पेरिस में की गई अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (International Chess Federation-FIDE) की स्थापना को चिन्हित करने के लिए मनाया जाता है।

- हर साल 23 जुलाई को पुरे देश में राष्ट्रीय प्रसारण दिवस मनाया जाता है। इस दिन 1927 में मुंबई स्टेशन से एक निजी कंपनी इंडियन ब्रोडकास्टिंग कंपनी ने बॉम्बे स्टेशन से देश में पहला रेडियो प्रसारण शुरू किया था।
- हर साल24 जुलाई को रोजमर्रा के जीवन में थर्मल इंजीनियरों के योगदान की सराहना करने के लिए राष्ट्रीय थर्मल इंजीनियर दिवस मनाया जाता है। यह दिन थर्मल इंजीनियरिंग की कड़ी मेहनत और समर्पण को पहचानने के लिए मनाया जाता है।

## निधन

- रेव मार्टिन लूथर किंग जूनियर के साथ काम करने वाले और नागरिक अधिकारों की वकालत करने वाले, द रेव कॉर्डी टिंडेल विवियन (Cordy Tindell Vivian) का निधन।
- स्वतंत्रता के बाद के समय के सबसे प्रख्यात भारतीय गणितज्ञ, प्रोफेसर सी एस शेषाद्री का निधन। वह चेन्नई गणित संस्थान के संस्थापक और निदेशक-एमेरिटस थे, जो भारत में गणित के अध्ययन के लिए एक संस्थान था।
- बॉलीवुड निर्देशक रजत मुखर्जी का निधन हो गया है। उनकी आयु 50 वर्ष से अधिक थी, उन्हें 2001 में रिलीज़ हुई प्यार तूने क्या किया और विवेक ओबेरॉय और अंतरा माली अभिनीत सड़क जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता था, जो 2002 में रिलीज़ हुई थी।
- नागरिक अधिकारों के लिए आंदोलन करने वाले जॉन लुईस (John Lewis) का निधन। लुईस लंबे समय तक अमेरिकी प्रतिनिधि सभा (U.S. House of Representatives) के सदस्य भी रहे थे।
- मध्य प्रदेश के राज्यपाल लालजी टंडन का निधन। 11 जून से लखनऊ में उनका इलाज चल रहा था, जिसके बाद लंबी बीमारी के चलते उनका निधन हो गया। उनके इलाज के दौरान, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को मध्य प्रदेश के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।
- ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट विकेटकीपर और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के पूर्व मैच रेफरी बैरी जरमन का निधन। उनका जन्म 17 फरवरी 1936 को हुआ था।
- वयोवृद्ध ओडिया अभिनेता बिजय मोहंती का निधन। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर कलाकार के रूप में की और बाद में फिल्मों में आने से पहले कई नाटकों का निर्देशन किया।उनकी पहली फिल्म, चिलिका टायर में उनके प्रदर्शन ने उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार सहित कई पुरस्कार मिले थे।
- स्पेनिश उपन्यासकार, जुआन मार्से (Juan Marse) का निधन। वह पिछले कुछ दशकों से स्पेन के सबसे सम्मानित उपन्यासकारों में शुमार थे और वे 2008 के स्पैनिश-भाषा में दुनिया के शीर्ष साहित्य पुरस्कार, Cervantes Prize के विजेता थे।
- 1980 के मास्को समर ओलंपिक के शुभंकर भूरे भालू "Misha" के निर्माता विक्टर चिज़िकोव (Viktor Chizhikov) का निधन।
- महान जैज़ गायिका एनी रॉस (Annie Ross) का निधन। उनका जन्म 25 जुलाई, 1930 को इंग्लैंड में ऐनाबेले मैककॉले एलन शॉर्ट के यहां हुआ था। वह अपने सफल फिल्म करियर में आने से पहले 1950 के दशक की एक लोकप्रिय जैज़ गायिका थीं।
- मशहूर नृत्यांगना और कोरियोग्राफर अमला शंकर का निधन। उन्हें 2011 में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा कला में दिए उनके योगदान के लिए बंग विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## विविध समाचार

- हाल ही में पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (PM स्वनिधि) मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च की गई है। इसका उद्देश्य योजना के तहत स्ट्रीट वेंडरों के ऋण आवेदनों की सोर्सिंग और प्रोसेसिंग के लिए, ऋण प्रदाता संस्थानों (LI) और उनके फील्ड कार्यकर्ताओं को अनुकूल डिजिटल इंटरफेस प्रदान करना है।
- पंजाब नेशनल बैंक द्वारा COVID-19 को फैलने से रोकने के लिए फेस मास्क और सैनिटाइज़र वितरित करने के लिए एक देशव्यापी अभियान शुरू किया है।पीएनबी के इस अभियान का शुभारंभ केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन द्वारा किया गया। पीएनबी द्वारा यह अभियान कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (Corporate social responsibility) के तहत शुरू किया गया है।
- ओडिशा के बालासोर जिले के एक किसान बासुदेव महापात्रा ने पीले रंग की प्रजाति के एक कछुए को देखा है, जिसके विशेषज्ञों ने एल्बिनिज़्म (albinism) के होने का अनुमान लगाया है।
- नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा "वृक्षरोपण अभियान" शुरू किया गया है। कोयला मंत्रालय ने सभी कोयला/ पीएसयू के साथ मिलकर इस अभियान को चलाया है।"वृक्षरोपण अभियान" के तहत, "समाज द्वारा वृक्षारोपण" को बढ़ावा देने के लिए कोयला, लिग्नाइट पीएसयू, कॉलोनियों, कार्यालयों और अन्य उपयुक्त क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा।



- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा लेह स्थित प्रयोगशाला डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ हाई एल्टीट्यूड रिसर्च (DIHAR) में COVID-19 परीक्षण सुविधा की स्थापना गई है। यह परीक्षण सुविधा केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में कोरोना मामलों की पहचान के उद्देश्य से परीक्षण की दर को बढ़ाने के लिए शुरू की गई है।
- बॉलीवुड अभिनेता, सोनू सूद ने प्रवासियों को पूरे देश में नौकरी के अवसर तलाशने में सहायता कराने के लिए 'प्रवासी रोज़गार' ऐप लॉन्च की है। देश के विभिन्न हिस्सों में प्रवासी श्रमिकों के लिए रोजगार के सही अवसर तलाशने के लिए गाँवों में सामुदायिक आउटरीच द्वारा इस पहल का सहयोग किया जाएगा।
- केरल स्थित NBFC मुथूट फिनकॉर्प द्वारा "Restartindia" नामक पोर्टल लॉन्च किया गया है। यह पोर्टल देश भर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) क्षेत्र के व्यवसायों को फिर से शुरू करने के लिए लॉन्च किया गया है।

## महत्वपूर्णतथ्य

- केंद्रीय उपभोक्ता मामले मंत्री: रामविलास पासवान.
- मिजोरम के मुख्यमंत्री: पु ज़ोरमथांगा; राज्यपाल: पी. एस. श्रीधरन पिल्लई.
- छत्तीसगढ़ के सीएम: भूपेश बघेल; छत्तीसगढ़ के राज्यपाल: अनुसुइया उइके.
- UAE के राष्ट्रपति: शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान.
- यूएई की राजधानी: अबू धाबी; मुद्रा: संयुक्त अरब अमीरात दिरहम.
- दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति: मून जे-इन.
- दक्षिण कोरिया की राजधानी: सियोल.
- दक्षिण कोरिया मुद्रा: दक्षिण कोरियाई वोन.
- स्पेसएक्स के संस्थापक और सीईओ: एलोन मस्क.
- स्पेसएक्स के अध्यक्ष और सीओओ: ग्वेने शॉटवेल.
- स्पेसएक्स स्थापित: 2002.
- स्पेसएक्स मुख्यालय: कैलिफोर्निया, संयुक्त राज्य अमेरिका.
- चीन की राजधानी: बीजिंग; चीन की मुद्रा: रेनमिनबी.
- चीन के राष्ट्रपति: शी जिनपिंग।
- विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक: रॉबर्टो अजेवेडो।
- तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपति: गुरबंगुली बर्डीमुक्खमेडोव; मुद्रा: तुर्कमेन मैनाट।
- निकारागुआ की राजधानी: मानागुआ.
- निकारागुआ की मुद्रा: निकारागुआ कॉर्डोबा.
- निकारागुआ के राष्ट्रपति: डैनियल ओर्टेगा.
- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन मुख्यालय: गुरुग्राम, हरियाणा.
- केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री: नितिन जयराम गडकरी.
- CBDT अध्यक्षता अध्यक्ष: प्रमोद चंद्र मोदी.
- केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री: किरेन रिजिजू.
- यूनिसेफ के कार्यकारी निदेशक: हेनरीटा एच. फोर.
- अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के अध्यक्ष: एम। अजीत कुमार.
- केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष: प्रमोद चंद्र मोदी.
- मालदीव के राष्ट्रपति: इब्राहिम मोहम्मद सोलीह.
- मालदीव की राजधानी: माले; मालदीव की मुद्रा: मालदीव रूफिया.
- पंजाब राजधानी: चंडीगढ़.
- पंजाब के मुख्यमंत्री: अमरिंदर सिंह.
- पंजाब के राज्यपाल: वीपी सिंह बंदनोर.
- आईआईटी रोपड़ के निदेशक: एसके दास.
- एलआईसी अध्यक्ष: एमआर कुमार.
- एलआईसी मुख्यालय: मुंबई, महाराष्ट्र.
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एमडी और सीईओ: राजकिरण राय जी.
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का मुख्यालय: मुंबई, महाराष्ट्र.
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की टैगलाइन: Good People to Bank with.
- एयरटेल पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी: अनुब्रत विश्वास.
- राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के एमडी और सीईओ: मनीष कुमार.
- नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के एमडी और सीईओ: दिलीप अस्बे.
- FamPay मुख्यालय: बेंगलुरु, कर्नाटक.
- फैमपे फाउंडर्स: कुश तनेजा और सांभव जैन.
- बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्यालय: वडोदरा, गुजरात.
- बैंक ऑफ बड़ौदा के एमडी और सीईओ: संजीव चड्ढा.
- बैंक ऑफ बड़ौदा टैगलाइन: भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक.
- ओला सीईओ: भावना अग्रवाल.
- ओला मुख्यालय: बेंगलुरु.
- प्रतियोगिता आयोग के अध्यक्ष: अशोक कुमार गुप्ता.
- भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष: रजनीश कुमार.
- मुख्यालय: मुंबई; स्थापित: 1 जुलाई 1955.
- रेलवे के अंतर्राष्ट्रीय संघ का मुख्यालय: पेरिस, फ्रांस।
- रेलवे के अंतर्राष्ट्रीय संघ के महानिदेशक: फ्रेंकोइस डेवेने.
- बजाज फिनसर्व मुख्यालय: पुणे, महाराष्ट्र.
- बजाज फिनसर्व की स्थापना: 2007.
- माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क (एमएफआईएन) मुख्यालय: गुड़गांव, हरियाणा.

- नौसेना स्टाफ के प्रमुख: एडमिरल करमबीर सिंह.
- भारतीय सेना मुख्यालय: नई दिल्ली.
- थल सेनाध्यक्ष: मनोज मुकुंद नरवाने.
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के अध्यक्ष: जी सतीश रेड्डी.
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन का मुख्यालय: नई दिल्ली.
- नौसेना स्टाफ के प्रमुख: एडमिरल करमबीर सिंह.
- सेनेगल कैपिटल: डकार.
- सेनेगल मुद्रा: पश्चिम अफ्रीकी सीएफए फ्रैंक.
- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति मुख्यालय: लॉज़ेन, स्विट्जरलैंड.
- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष: थॉमस बाख.
- हंगरी की राजधानी: बुडापेस्ट.
- हंगरी की मुद्रा: हंगेरियन फ़ोरिंट.
- हंगरी के राष्ट्रपति: जानोस एडर.
- ICC के मुख्य कार्यकारी अधिकारी: मनु साहनी.
- आईसीसी का मुख्यालय: दुबई, संयुक्त अरब अमीरात.
- इंटरनेशनल चेस फेडरेशन (FIDE) के अध्यक्ष: अर्कडी ड्वोर्कोविच.
- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री: शिवराज सिंह चौहान.
- आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री (I / C): हरदीप सिंह पुरी.
- दिल्ली के राज्यपाल: अनिल बैजल.
- पंजाब नेशनल बैंक के एमडी और सीईओ: एस.एस. मल्लिकार्जुन राव.
- केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय मामलों के मंत्री: प्रल्हाद जोशी.
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के अध्यक्ष: जी सतीश रेड्डी.
- लद्दाख के लेफ्टिनेंट गवर्नर: आरके माथुर.
- RBI के गवर्नर: शक्तिकांता दास; मुख्यालय: मुंबई.
- RBI की स्थापना: 1 अप्रैल 1935, कोलकाता.
- रूस के राष्ट्रपति: व्लादिमीर पुतिन.
- रूस की राजधानी: मास्को.
- केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री: नितिन जयराम गडकरी.
- अडानी पोर्ट्स और विशेष आर्थिक क्षेत्र लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी: करण अडानी.
- ब्रिक्स के सदस्य देश हैं: ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका.

